हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 अब निर्माण कार्यों की होगी मॉनिटरिंग, गुणवत्ता में समझौता तो निबटेंगे अधिकारी और ठेकेदार





## खबर संक्षेप

### एनआर इस्पात में हादसा सुपरवाइजर की मौत

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनआर इस्पात में एक बार हादसा हो गया। कंपनी के कोल डिपो में कोयला लोडिंग के दौरान एक सुपरवाइजर लोडर वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मियों ने तत्काल प्रबंधन को इसकी सूचना दी। फिलहाल मृतक की पहचान और उसके निवास स्थान की जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। वहीं मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। ज्ञात हो कि एनआर इस्पात में इससे पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

### असामयिक मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील लैलूंगा के ग्राम पिपराही निवासी संतोषी जाटवर की आग में जलने से हुई असामायिक मृत्यु होने पर एसडीएम लैलूंगा की अनुशंसा पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 की कंडिका के अंतर्गत मृतक के नजदीकी वारिसान को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### योग प्रशिक्षक व खेल शिक्षक के लिए आवेदन 24 तक

**रायगढ़।** जिले के पीएमश्री स्कूलों में स्वीकृत रिक्त पद.अंशकालीन योग प्रशिक्षक एवं खेल शिक्षक पद पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से 24 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है एवं आवेदन पत्र प्रारूप डाउनलोड कर सकते है।

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा 9 को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 9 नवम्बर को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एचजीएमएफ 25 भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम मोबा. 97535.36151 को नोडल अधिकारी एवं व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल मिड़मिड़ा बाबूलाल पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

### अंडर 14 क्रिकेट में रायगढ़ पहुंची सेमीफाईनल में

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा करवाए जा रहे अंडर 14 क्रिकेट प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता में रायगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सरगुजा को 55 रनों से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश कर लिया। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ ने 10 विकेट खोकर 182 रन बनाए। जिसमें सौर्य पाण्डे ने 41 आरव शर्मा ने 30 लोकेश सिदार ने 22 व अनमोल भारती ने 21 रन बनाकर बड़ी भूमिका निभाई। वहीं जवाब में सरगुजा ने बैटिंग करते हुए केसरी की 57 रन की बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला किया। लेकिन बाकी सभी बल्लेबाज लगातार आउट होते गए। अंत में रायगढ़ ने 55 रनों से मुकाबला जीत लिया। कोच चंद्रेश साहू के मार्गदर्शन में रायगढ़ की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए लोकेश सिदार ने 4 विकेट अनमोल भारती ने 2 व चंद्रप्रकाश साहू तथा धनंजय बैरागी ने 1.1 विकेट लिया। रायगढ़ की इस बड़ी जीत पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी, हिमांशु चावड़ा, महेश दधिची, चंद्रेश यादव, संतोष गुप्ता, मैनेजर रोहित नामदेव आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आने वाले मैचों हेतु शुभकामनाएं दी है।

# हैंडपंप सुधारने में महिलाओं को महारत हासिल, बढ़ रही भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अब तक आप पुरुष तकनीशियनों को ही हैंडपंप सुधार करते देखे होंगे, लेकिन यदि महिला के हाथ में हैंडपंप टूल किट नजर आए और गांव के किसी गली में खराब हैंडपंप सुधार करते दिखे तो आश्चर्य होने का नहीं है। क्योंकि अब पुरुष प्रधान कार्यो में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है। इसी भागीदारी को निभा रही हैं जिले के तीन ब्लॉकों में पदस्थ महिला तकनीशियन। दरअसल जिले के तीन ब्लॉक में महिला तकनीशियनों की नियुक्ति की गई है। तीनों अलग-अलग ब्लॉक में पदस्थ हैं और गांव के गलियों में खराब हैंडपंप सुधार करने कभी भी पहुंच जाते हैं। पीएचई में इन महिला तकनीशियनों की भर्ती हुई है। महिला तकनीशियनों की सरकारी भर्ती हुई थी। उसी में जिले में तीनों की पोस्टिंग की गई है। इसमें से एक की नियुक्ति 2018 और दो की नियुक्ति 2024 में हुई थी। जिले में कुल 18 तकनीशियन हैं। अमूमन हैंडपंप मरम्मत का काम को पुरुष प्रधान माना जाता है। वजह यह काफी मेहनत वाला होता है। 100-200 फीट नीचे लगे 20-30 फीट के पाइप को खिंचने के बाद जो भी खराबी होती है उसकी मरम्मत की जाती है। यह काफी जटिल काम माना जाता है, लेकिन अब महिलाएं भी इस काम को बखूबी अंजाम दे रही हैं। यह हम नहीं बल्कि सरकारी रिकार्ड कह रहा है। पीएचई विभाग में तीन महिला तकनीशियनों की भर्ती हुई है। प्रदेश भ्रर में करीब 40 महिला तकनीशियनों की भर्ती की गई है। इनको रायगढ़ जिले के तीन आदिवासी ब्लॉकों में लैलूंगा, घरघोड़ा और रायगढ़ में पदस्थापना की गई है। यहां के गांव और गलियों में जाकर खराब हैंडपंप का सुधार ये महिला तकनीशियन करते हैं। इनको देखकर लोग विश्वास भी नहीं करते लेकिन जब ये महिलाएं हाथों में टूल किट लेकर खराब हैंडपंप का सुधार करते हैं तो आश्चर्य नहीं बल्कि उनके प्रति गर्व और सम्मान नजर आती है।

**खास बात**

- जिले के तीन ब्लॉक में तीन महिला तकनीशियनों की हुई है नियुक्ति, पीएचई विभाग में हैं कार्यरत





### हर गांव में 100-50 हैंडपंप

कुछ सालों पहले तक गांव के लोग हैंडपंप का पानी पीने का उपयोग करते थे। अब कई तरह की योजनाएं संचालित हैं और गांवों में भी हैंडपंप के बजाए सार्वजनिक नल लग गए हैं। हालांकि अभी भी हर गांव में 100-50 हैंडपंप मिल ही जाएंगे। इसका पानी ही लोग उपयोग करते हैं। इसमें जल स्तर की समस्या आती है। इसके कारण गर्मी में कुछ कम हो जाते हैं, लेकिन जैसे ही बारिश आती है फिस से चालू हो जाते हैं। कुल मिलाकर हैंडपंप को पूरी तरह से खत्म होने में काफी समय लगेगा।

## जिले में 9 साल में मिले एचआईवी के 443 पॉजिटिव मरीज, हर साल बढ़ रहा ग्राफ


# 6 माह में एचआईवी पॉजिटिव ने तोड़ा 8 साल का रिकार्ड, इसमें 22 गर्भवती महिलाएं भी..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हरिभूमि एक्सक्लूसिव


जागरूकता की कमी कहें या लापरवाही 9 साल में जिले में एचआईवी के 443 पॉजिटिव मरीज मिले हैं, जिसमें 22 गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। इस तरह सरकार के लाख जतन के बाद भी पॉजिटिव मरीजों का ग्राफ हर साल बढ़ता ही जा रहा है। इस साल के 6 माह के आंकड़े ने तो बीते 8 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। अप्रैल से सितंबर तक एचआईवी के 76 पॉजिटिव केस मिले हैं, जिनमें 2 गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं।

दरअसल एचआईवी को मात देने हर साल सरकार जागरूकता अभियान चला रही है। इसके बाद भी एचआईवी की मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इसमें रायगढ़ जिला भी अछूता नहीं है। 2017 से 2025 तक 9 साल में इस लाइलाज बीमारी के चपेट में जिले के 443 मरीज हैं, जिनमें 22 गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। उनका इलाज जिला अस्पताल के एआरटी सेंटर में चल रहा है। एचआईवी पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा हर साल तेजी से बढ़ता जा रहा है। जागरूकता का अभाव और आधुनिक जीवन शैली के चक्कर में युवा वर्ग एचआईवी जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचआईवी को नियंत्रित करने के लिए तमाम दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों पर नजर डालें तो यह दावे खोखले साबित दिख रहे हैं। वर्ष 2017 में एचआईवी के 40, 2018 में 28, 2019 में 35, 2020 में 23, 2021 में 28, 2022 में 48 व 2023 में 69 मरीज मिले थे। 2024 में यह संख्या बढ़ कर 76 तक पहुंच गया। वहीं इसी साल 2025 की बात करें तो अप्रैल से सितंबर तक 6 माह में पॉजिटिव मरीजों की संख्या 76 हो गई है। जिससे पिछले 8 साल का रिकार्ड टूट गया है। इसके अलावा इन 9 सालों में 22 गर्भवती महिलाएं भी एचआईवी की शिकार हुई हैं। जिससे 9 साल में कुल 443 पॉजिटिव मरीज मिले हैं। एचआईवी के मरीज टीबी का भी शिकार हो रहे हैं। जिला अस्पताल में ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें एचआईवी पॉजिटिव में टीबी की शिकायत मिल रही है।



### एचआईवी पॉजिटिव मरीजों के आंकड़े

| वर्ष | टेस्टिंग | पॉजिटिव | एचआरटी में इलाज |
|---|---|---|---|
| 2017-18 | 7544 | 40 | 40 |
| 2018-19 | 10373 | 28 | 28 |
| 2019-20 | 4813 | 35 | 35 |
| 2020-21 | 4082 | 23 | 23 |
| 2021-22 | 5690 | 28 | 28 |
| 2022-23 | 7771 | 48 | 46 |
| 2023-24 | 7740 | 69 | 69 |
| 2024-25 | 9070 | 76 | 71 |
| 2025-26 | 11667 | 76 | 76 |
| टोटल | 68750 | 443 | 416 |



**नोट :** इसके अलावा इन 9 सालों में 36343 गर्भवती महिलाओं की टेस्टिंग हुई है, जिसमें 22 महिलाओं की एचआईवी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और उन सभी का इलाज केजीएच के एसआरटी सेंटर मे चल रहा है।

### जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद लापरवाही

केंद्र और राज्य सरकार की ओर से एचआईवी संक्रमण को रोकने के लिए लगातार जागरूकता अभियान, मुफ्त जांच और निःशुल्क दवा वितरण योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके बाद भी जागरूकता की कमी और असुरक्षित यौन व्यवहार जैसे कारणों से संक्रमण पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। कई लोग जानबूझ कर लापरवाही बरतते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें व दूसरों को भुगतना पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि एचआईवी को लेकर अब नई रणनीति, जागरूकता अभियान और नियमित स्क्रीनिंग की आवश्यकता है ताकि संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके।

### हर बीमारी में एचआईवी टेस्ट करना अनिवार्य

एचआईवी के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासन के निर्देश पर अब हर बीमारी में एचआईवी टेस्ट अनिवार्य करा दिया गया है। लोग दांत, आंख का ऑपरेशन कराने भी जा रहे हैं तो उन्हें एचआईवी टेस्ट के लिए लिखा और कहा जा रहा है। इतना ही नहीं कोई बीमारी दवा से ठीक नहीं हो रही है तो उक्त मरीज को भी एचआईवी टेस्ट की सलाह दी जा रही है। इसमें उम्र की कोई बाध्यता नहीं हैं, सभी को टेस्ट कराना अनिवार्य है।

### कई मरीज बाहर भी करा रहे हैं इलाज

पूरे जिले में सिर्फ केजीएच में ही एआरटी सेंटर है। यहीं एचआईवी मरीजों की काउंसिलिंग, टेस्टिंग और इलाज होता है। कई बार पहचान छिपाने के लिए लोग प्राइवेट क्लीनिक में जाते हैं। जहां उनका एलायजा पॉजिटिव आने पर वो बाहर से दवाई खरीद कर खाते हैं। जिससे सरकारी आंकड़ों में मरीजों की संख्या काफी कम नजर आ रही है। यदि यह आंकड़ा भी शामिल किया जाए तो पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा दोगुना से ज्यादा हो सकता है।

### ये हैं एचआईवी संक्रमण के प्रमुख लक्षण

प्रारंभिक एचआई संक्रमण के लक्षण में बुखार और ठंड लगना, थकान, गले में खराश, सूजी हुई लसीका ग्रंथियां, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, सिरदर्द, खरोंच या त्वचा पर चकते, रात को पसीना आना शामिल हैं। वहीं बाद के एचआईवी संक्रमण के लक्षण में वजन कम होना, लगातार दस्त, मुंह के छाले या फंगल संक्रमण, सूजन, लंबे समय तक थकान व बार-बार संक्रमण होना शामिल हैं, जिससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### संक्रमण का कारण असुरक्षित यौन संबंध

इस बीमारी का प्रमुख कारण असुरक्षित यौन संबंध को बताया जा रहा है। जिले में सैकड़ों युवतियां, महिलाएं देह व्यापार के दलदल में फंसी हुई हैं। कुछ आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से देहव्यापार कर रही हैं। वहीं युवा वर्ग भी इस धंधे का आनंद उठाने के चक्कर में लाइलाज बीमारी के शिकार हो रहे हैं, जिससे एचआईवी मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में शासन-प्रशासन को जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत है।

> जिले में लगातार एचआईवी के मरीज बढ़ रहे हैं यह काफी चिंताजनक है। लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा पॉजिटिव मरीजों की काउंसिलिंग कर उनका उपचार किया जा रहा है।
>
> **डॉ. अनिल जगत**, सीएमएचओ, रायगढ़

### पेंशनरों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में पेंशनरों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण.पत्र अभियान 4.0 के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 11 और 12 नवम्बर 2025 को जिले के सभी जनपद पंचायत कार्यालयों में आयोजित होंगे। यह अभियान भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इसमें पेंशनरों को अपने जीवन प्रमाण.पत्र को डिजिटल माध्यम से घर बैठे या नजदीकी शिविरों में आसानी से प्रस्तुत करने की सुविधा मिलेगी। डिजिटल जीवन प्रमाण.पत्र 4.0 संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से पेंशनर अपने मोबाइल या कंप्यूटर से सीधे प्रमाण.पत्र बना सकते हैं। इस तकनीक से जीवन प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी एवं सुरक्षित बन गई है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों में विद्युत इंटरनेट, बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों-कर्मचारियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जिले के सभी पेंशनरों को डिजिटल सेवा का लाभ दिलाना है, ताकि किसी को भी प्रमाण.पत्र जमा करने के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उल्लेखनीय है कि भारतीय डाक सेवा द्वारा संचालित यह दो दिवसीय अभियान पेंशनरों के जीवन प्रमाण.पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में डिजिटल सुविधा और पारदर्शिता की दिशा में नया अध्याय जोड़ने जा रहा है।

## सूने मकान से हजारों की चोरी, जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत चाउमिन दुकान संचालक के सूने मकान में धावा बोलते हुए अज्ञात चोरों ने नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरातों को पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल ग्राम खेदापाली निवासी सालिकराम यादव ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह चाउमिन की दुकान चलाता है। 4 नवंबर को पुसल्दा में मेला होने पर रात 8 बजे दुकान लगाई थी। इस दौरान घर के सभी लोग दुकान पर ही थे। इसी बीच अज्ञात चोरों ने नगदी और सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। पीड़ति सालिकराम यादव ने बताया कि अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर पूजा कक्ष में रखे आलमारी के लाकर से नगदी रकम के अलावा सोने चांदी जेवरात लेकर बाड़ी की तरफ से फरार हो गए। कुल कुल 88 हजार रुपए की चोरी हुई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नकली पेंडर्म प्लस क्रीम बेचने वाला आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

### स्वास्थ्य विभाग की छत्तीसगढ़ में दूसरी रायगढ़ में पहली कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नकली पेंडर्म प्लस क्रीम (त्वचा संक्रमण की दवा) बेचने वाले दुकानदार को ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने गिरफ्तार कर 14 दिनों के लिए सलाखों के पीछे भेजा है। नकली दवाओं को लेकर इस तरह की कार्रवाई छत्तीगढ़ में दूसरी व रायगढ़ में पहली बार हुई है। दरअसल औषधि निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा 21 जुलाई को पुरानी हटरी बाजार स्थित फर्म रोजलाईफ (मनिहारी जनरल दुकान) में छापेमार कार्रवाई की गई थी। इस प्रोप्राईटर सतीश अंबुवानी व संचालक राज कुमार अंबुवानी भी उपस्थित थे। उनके द्वारा बिना लाइसेंस पेंडर्म प्लस क्रीम विक्रय किया जा रहा था, जिस पर टीम ने कार्रवाई तो की ही, लेकिन उक्त कीम पर संदेह होने पर उसका नमूना संकलित कर विश्लेषण के लिए राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। जिसका रिपोर्ट आ गया है। शासकीय विश्लेषक द्वारा जांच के उपरांत उक्त क्रमी को नकली घोषित किया गया। जोकि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 17 बी (बी) व (ए) 18ए, 18 (सी) सहित दण्डनीय धारा 27 (सी), 28, 27(बी) (आईआई) के तहत तथा उक्त अधिनियम की धारा 36 एसी के तहत संज्ञेय तथा अजमानती अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में ड्रग इंस्पेक्टर अमित राठौर व उनकी टीम द्वारा स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



### हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद जागा निगम प्रशासन, स्थानीय लोगों व राहगीरों ने ली राहत की सांस

# बोईरदादर से विजयपुर सड़क के गड्ढों को भरने पैचवर्क शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हरिभूमि में जर्जर सड़क को लेकर लगातार खबर प्रकाशित के बाद नगर निगम प्रशासन नींद से जाग गया है। बोईरादर से विजयपुर तक सड़क के गड्ढों को भरने के लिए नगर निगम ने पैचवर्क का काम शुरू कर दिया है। जिससे स्थानीय लोगों सहित राहगीरों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं।

दरअसल बोईरदादर से विजयपुर चौक व इंदिरा विहार तक नवनिर्मित सड़क में गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण 6 माह में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे निकल आए थे। इडेन गार्डन मैरिज हॉल के सामने तो सड़क पूरी तरह धंस गई थी। जिसमें वाहनों के पहिए फंस रहे थे और लोग दुर्घटना के भी शिकार हो रहे थे। इसके अलावा पेट्रोल पंप के पास फिर से बड़ा गड्ढा हो गया था जो हादसों को न्यौता दे रहा था। रात के समय इस मार्ग में अंधेरा होने पर दुपहिया चालक हादसे का शिकार तो हो ही रहे थे, दिन में भी इन गड्ढो में दुपहिया वाहनों के पहिए फंसने से चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे थे। इस मुद्दे को लेकर हरिभूमि ने लातार प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। जिससे निगम प्रशासन की काफी किरकरी हुई थी। ऐसे में निगम प्रशासन अब नींच से जाग गया है। बारिश समाप्त होने के बाद ही नगर निगम द्वारा इस मार्ग में पैचवर्क का काम शुरू कर दिया गया है। जिससे अब लोगों को जर्जर सड़क की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है।



**खबर का असर**


सालभर भी नहीं टिक पाई 1 करोड़ से बनी सड़क
विजयपुर की नवनिर्मित सड़क धंसी, बड़े-बड़े गड्ढों में राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल

### ठेकेदार को कर दिया गया है ब्लैक लिस्टेड

बोईरदादर से विजयपुर व कृष्णवैली कॉलोनी से इंदिरा विहार तक गुणवत्ताहीन दो बीटी सड़क बनाने वाले बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड फर्म के ठेकेदार को निगम प्रशासन ने कुछ माह पूर्व ही 1 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। वहीं 23 लाख रूपए अमानत राशि को राजसात करने संबंधी कार्रवाई भी की है। इस बार मेसर्स संजय कुमार केड़िया बाराद्वार को सड़क के पैचवर्क का ठेका दिया गया है। अब देखने वाली बात होगी कि इस पैचवर्क की गुणवत्ता क्या होगी।

> बोईरादादर से विजयपुर तक जर्जर सड़क के मरम्मत को लेकर मेरे द्वारा कई बार महापौर और कमिश्नर से निवेदन किया गया था। देर सवेर ही सही निगम प्रशासन ने पैचवर्क का काम शुरू करा दिया है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।
>
> **संतोषी पदुमलाल परजा**, वार्ड पार्षद

> बोईरादादर से विजयपुर पानी टंकी तक जर्जर सड़क के पैचर्व के लिए बाराद्वार के संजय केड़िया को ठेका मिला है। उनके द्वारा काम भी शुरू कर दिया गया है। हम निर्माण के गुणवत्ता की निगरानी कर रहे हैं।
>
> **दिलीप उरांव**, सब इंजीनियर, नगर निगम

